## आदेश पत्रक
### (देखें अभिलेख हस्तक 1941 का नियम 129)

आदेश पत्रक........................................से........................................तक

जिला –..........गिरिडीह..........संख्या..........ONLINE 02 सन् 2023-24

केश का प्रकार..........विविध..........

| आदेश की कम सं० एवं तिथि | पदाधिकारी का आदेश हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी आदेश सहित |
|---|---|---|
| 11.04.2023 | आवेदक मिथिलेश महतो पिता स्व. बलदेव महतो ग्राम समदा टोला तुलाडीह थाना - डुमरी जिला - गिरिडीह द्वारा मौजा समदा खाता सं० 1/180 प्लॉट सं० 1015 रकबा 0.84 ए० भूमि जो मेरे दादा बुधन महतो को पर्चा द्वारा हासिल है। परन्तु मेरे ही गाँव के लोग रामेश्वर महतो पिता तेजो महतो, हिरालाल महतो पिता - महावीर महतो, प्रमेश्वर महतो पिता तेजो महतो, दुलारचंद महतो पिता - रूपलाल महतो, डालेश्वर महतो वो नागेश्वर महतो पिता गोपाल महतो, कार्तिक महतो पिता कैलाश महतो, पप्पु कुमार महतो पिता रेवतलाल महतो, दर्शन महतो पिता लालमन महतो सभी साकिन समदा द्वारा दिनांक 08.04.2023 को बलजबरन मेरा भूमि पर नींव खोद रहे हैं एवं दीवार खड़ा कर रहे हैं। मना करने पर जान से मारने का धमकी दे रहे हैं। इन्होंने निर्माण कार्य पर अविलम्ब रोक लगाने हेतु अनुरोध किया है।<br>राजस्व उपनिरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक से जाँच प्रतिवेदन की माँग करें। अभिलेख दिनांक 12.04.2023 को प्रस्तुत करें।<br>ह० 11/4/23<br>अंचल अधिकारी<br>डुमरी | |
| 12.04.23 | अभिलेख उपस्थापित। राजस्व उपनिरीक्षक का जाँच प्रतिवेदन अंचल निरीक्षक के माध्यम से प्राप्त। उन्होंने प्रतिवेदित किया है कि मौजा समदा खाता सं० 01 प्लॉट सं० 1015 रकबा 55 ए० मध्ये 0.84 ए० गैरमजरूआ खास खाते की भूमि है। किस्म जंगल दर्ज है। प्रथम पक्ष मिथिलेश महतो पिता - स्व. बलदेव महतो साकिन समदा टोला तुलाडीह द्वारा उक्त भूमि से संबंधित पर्चा दिखाया गया जिसकी जमाबंदी पंजी II के पृष्ठ सं० 153/1 पर बुधन महतो के नाम पर दर्ज है। आवेदक मिथिलेश महतो द्वारा आपत्ति की गयी है कि उक्त प्लॉट पर उनके गोतिया द्वारा काम किया जा रहा है, जिस भू-भाग पर काम किया जा रहा है उस पर आवेदक अपना दावा कर रहे हैं। वर्तमान में उक्त प्लॉट में हो रहे निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया गया है। प्रथम पक्ष मिथिलेश महतो पिता - स्व. बलदेव महतो साकिन समदा एवं द्वितीय पक्ष० रामेश्वर महतो वो प्रमेश्वर महतो पिता तेजो महतो ② हीरालाल महतो पिता महावीर महतो ③ दुलारचन्द महतो पिता रूपलाल महतो ④ डालेश्वर महतो वो नागेश्वर महतो पिता गोपाल महतो ⑤ कार्तिक महतो पिता कैलाश महतो ⑥ पप्पु कु. महतो पिता रेवतलाल महतो ⑦ दर्शन महतो पिता लालमन महतो सभी साकिन | |

समदा टोला तुलाडीह को नोटिस निर्गत कर कागजात की मांग की जा सकती है।

उक्त जाँच प्रतिवेदन के आलोक में उभय पक्षों को नोटिश निर्गत करें। अभिलेख दिनांक 25.04.2023 को रखें।

[signature] 1?/4/23
अंचल अधिकारी
डुमरी

25.04.2023 अभिलेख उपस्थापित। प्रथम पक्ष उपस्थित एवं हाजिरी दाखिल। द्वितीय पक्ष उपस्थित परंतु इनके द्वारा लिखित हाजिरी दाखिल नहीं किया गया। दोनो पक्षों के द्वारा देवकी पाण्डेय बनाम बद्धन महतो व चैता महतो वल्देन मुना महतो, अघनु महतो वल्द टेको महतो, गोपाल महतो वल्द पुरन महतो, भावना महतो वल्द मूची महतो, बलदेव महतो वल्द बुधन महतो ने पारित आदेश की प्रति संलग्न की गयी है। आवेदक मिथिलेश महतो ने आवेदन दिया है कि बाजबरन द्वितीय पक्ष जमीन पर नींव खोद रहे है। ऐसी परिस्थिति में वाद के निस्तारण तक किसी प्रकार का निर्माण कार्य से वंचित किया जाता है। TITLE SUIT वाद सं० 22/61 के अध्ययन के पश्चात वाद का निष्तारण किया जायेगा। अभिलेख दिनांक 09-05-2023 को रखें।

[signature] 25/4/23
अंचल अधिकारी
डुमरी

09.05.2023 अभिलेख उपस्थापित। उभय पक्ष अनुपस्थित। सुनवाई स्थगित। वाद दिनांक 23.05.23 को रखें।

[signature] 09.05.23
अंचल अधिकारी
डुमरी

23.05.2023 अभिलेख उपस्थापित। उभय पक्ष उपस्थित एवं हाजिरी दाखिल। Title suit वाद सं० 22/61 में पारित आदेशानुसार pleader commisnor giridih के द्वारा बनाये गये नक्शे के आधार पर अंचल अमीन प्रतिवेदन देंगे कि मिथिलेश महतो एवं रामेश्वर महतो वगै० की जमीन का सीमांकन करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगें। अगली तिथि मापी रिपोर्ट पश्चात निर्धारित करेंगें।

[signature] 23.05.23
अंचल अधिकारी
डुमरी

13
24.01.2024

अभिलेख उपस्थापित। अंचल अमीन का मापी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जो अभिलेखबद्ध है। आवेदक द्वारा मापी कार्य में आपत्ति जताई गयी जिससे मापी कार्य पूर्ण नहीं हो सका। बिना मापी कार्य पूर्ण किये बिना वाद का निष्पादन नहीं किया जा सकता। चूँकि उक्त भूमि गै० खास किस्म जंगल दर्ज है। किसी भी निर्माण कार्य पर उभय पक्षों को प्रतिबंधित किया जाता है। इसी के साथ वाद की कार्यवाही बंद की जाती है।

लेखापित एवं संशोधित

24.01.24
अंचल अधिकारी
उमरी

24.01.24
अंचल अधिकारी
उमरी

Digitally signed by Shashi Bhushan Verma
Date: 2025.07.14 11:22:17 +05:30
Location: 192.168.98.188